Title: Need to accord clearance to Beena river Irrigation Project in Sagar Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh. − Laid.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र सागर, मध्य प्रदेश सिंचाई की दृटि से काफी पिछड़ा हुआ है जबकि यहां का किसान काफी मेहनती है तथा खुरई एवं बीना का गेहूँ काफी उत्कृट श्रेणी में माना जाता है। लगभग 10-12 वर्ा पूर्व मध्य प्रदेश शासन द्वारा बीना नदी परियोजना का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास भेजा था, जो अभी तक लंबित पड़ा हुआ है। यदि यह योजना स्वीकृत हो जाती है तो इससे सागर एवं विदिशा जिले के सैंकड़ों किसान लाभान्वित होंगे तथा हजारों एकड़ जमीन सिंचित हो सकेगी।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सागर जिले की बीना नदी परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दिलाने का सहयोग करें, जिससे कि सागर एवं ि वदिशा जिले का किसान आर्थिक दृटि से सक्षम हो सके तथा सिंचाई एवं पेयजल की समस्याओं का निदान हो सके।